गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सचिवालय/2020 02.03.2020

1. सूची विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5 वीं मंजिल, प्लॉट नंबर सी / 1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई - 400051	2. सूची विभाग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड मंजिल 1, फीरोज जीजीभोय टावर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400001

महोदय,

कृपया **"गेल द्वारा रांची में आयोजित सीबीजी रोड शो"** की प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

(एे.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

ड्यूश बैंक एजी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल द्वारा रांची में आयोजित सीबीजी रोड शो

रांची, 29 फरवरी, 2020 : गेल (इंडिया) लिमिटेड ने सीबीजी मूल्य श्रृंखला में संभावित उद्यमियों और अन्य हितधारकों में कम्प्रेसेड बायो गैस को बढावा देने के लिए आज रांची में सीबीजी रोड शो का आयोजन किया।

रोड़ शो श्री विजय शर्मा, निदेशक (गैस प्रोसेसिंग), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस) और श्री मनोज कुमार, नगर निगम आयुक्त, रांची नगर निगम (आरएमसी) की गरिमामयी उपस्थित में हुआ। सीबीजी रोडशो के दौरान गेल के कार्यकारी निदेशक (व्यापार विकास और परियोजना विकास) श्री शांतनु रॉय और कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र) श्री के बी सिंह भी अपनी टीम के सदस्यों के साथ उपस्थित थे ।

'सतत' योजना के तहत गेल और उससे जुड़ी शहर गैस वितरण कंपनियों ने योग्य सीबीजी उत्पादकों को सीबीजी मूल्य आश्वासन सहित मार्केटिंग टाई-अप सुविधा प्रदान करने के लिए रूचित की अभिव्यक्ति (EOI) के दस्तावेज़ वेबहोस्टेड किए हैं। गेल ने यह भी बताया कि नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (MSW) के प्रसंस्करण के लिए सीबीजी प्लांट स्थापित करने के लिए रांची नगर निगम के साथ चर्चा अग्रिम चरण में है।

गेल टीम ने संपीडित जैव गैस की कार्यप्रणाली और संभावित लाभों के बारे में समझाया जो राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा में योगदान देंगे । पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और गेल की टीम ने स्टार्टअप फंडिंग सहित भारत सरकार और गेल (इंडिया)लिमिटेड द्वारा की गई विभिन्न पहलें प्रस्तुत कीं। भारत सरकार की फ्लैगशिप योजना, जो 'सतत' (सस्ती परिवहन की ओर सतत विकल्प) कहलाती है, को इस क्षेत्र में संभावित उद्यमी बनने के लिए विभिन्न उद्योगों को समझाया गया था। रोड शो के दौरान विभिन्न सीबीजी प्रौद्योगिकी प्रदाताओं ने सीबीजी उत्पादन प्रौद्योगिकियों के बारे में बताया और भारत और अन्य देशों में पहले से ही कार्य कर रहे विभिन्न संयंत्रों के प्रचालन विवरण दिखाए ।

रोड शो में झारखंड राज्य के विभिन्न उद्योगों के प्रतिभागियों ने भारत सरकार की पहल और गेल द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी ग्रहण की। उन्होंने झारखंड राज्य में सीबीजी संयंत्र स्थापित करके व्यावसायिक अवसरों की तलाश करने की इच्छा व्यक्त की । 'सतत' (सस्टेनेबल ऑल्टरनेटिव तौयर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन) पहल माननीय केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और इस्पात

मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा दिनांक 01.10.2018 को शुरू की गई , जिसके अंतर्गत तेल एंड गैस विपणन कंपनियों अर्थात् भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, गेल (इंडिया) लिमिटेड और इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने कंप्रेस्ड बायो गैस (CBG) प्लांट स्थापित करने और सीबीजी की आपूर्ति करने के लिए संभावित उद्यमियों से रूचि की अभिव्यक्ति (EoI) आमंत्रित की है। 'सतत' पहल 2023 तक प्रति वर्ष 15 एमएमटी सीबीजी के अनुमानित उत्पादन के साथ देश भर में 5000 सीबीजी संयंत्र स्थापित करने की परिकल्पना करती है ।

गेल के बारे में: गेल (इंडिया) लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र का एक महारत्न उपक्रम है , प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला व्यापार, पारेषण, एलपीजी उत्पादन और पारेषण, एलएनजी पुनर्गैसीकरण, पेट्रोकेमिकल्स, सिटी गैस, ई एंड पी आदि में विविध हितों के साथ भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है। यह उच्च दबाव ट्रंक पाइपलाइनों के लगभग 12,000 किमी के नेटवर्क का स्वामित्व और संचालन करती है । यह 5400 किलोमीटर से अधिक की कई पाइपलाइन परियोजनाओं पर समवर्ती रूप से काम कर रही है ।

गेल की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन में एक दुर्जेय बाजार हिस्सेदारी भी है और वर्तमान में यह 38 शहरों / भौगोलिक क्षेत्रों में सीधे एवं इसके आठ संयुक्त उपक्रमों / सहायक कंपनियों के माध्यम से परिचालन कर रहा है।